प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक 20.01.2025

थाना पुरानी बस्ती पुलिस, एस0ओ0जी टीम बस्ती व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत स्वयं के अपहरण की योजना बनाने वाले व्यक्ति को सकुशल किया गया बरामद-

थाना पुरानी बस्ती, एस0ओ0जी0 टीम बस्ती व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती पर दिनांक-15.01.2025 को थाना क्षेत्रान्तर्गत कुटियाज ढाबा पर खाना खाने के उपरांत **गुमशुदा/बरामद व्यक्ति 1-**राजकुमार चौधरी पुत्र रामनारायण उम्र 32 वर्ष के गायब होने के संबंध में दर्ज गुमशुदगी से संबंधित गुमशुदा व्यक्ति को दिनांक-18.01.2025 को जनपद मथुरा से बरामदगी कर जांच/ पूछताछ एवं अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के क्रम में ज्ञात हुआ कि वह बहुत सारे लोगों से काफी रुपया करीब-50,00,000/- (पच्चास लाख) लेकर ट्रेडिंग में लगाया था जिसमें उसे हानि/ लॉस हो गया था जोकि सभी लोगों द्वारा वापस पैसे की माँग की जाने पर वह स्वयं के अपहरण जैसी घटना की योजना बनाकर थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत कुटियाज ढाबा पर खाना खाने के बाद सबदेईया कला पहुंच कर अपनी **A-**मोटर साईकिल, **B-**काला बैग, **C-**पर्स सड़क के किनारे बायें ओर फेकने के बाद ऑटो से बड़ेबन आकर बस से जनपद कानपुर पहुंच कर वहाँ से ट्रेन पकड़कर जनपद प्रयागराज एवं प्रयागराज से मथुरा चला गया था |

दिनांक-19.01.2025 को थाना पुरानी बस्ती जानपद बस्ती पर पैसों के लेन-देन के संबंध में उमेश कुमार निषाद पुत्र रमाशंकर निषाद निवासी ग्राम छितौनी पोस्ट संडा थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-14/2025 धारा-316(2),318(4) B.N.S. बनाम उक्त **बरामद व्यक्ति 1-**राजकुमार चौधरी पुत्र रामनारायण पंजीकृत कर जांच एवं अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है |

बरामद व्यक्ति का विवरण-

1- राजकुमार चौधरी पुत्र रामनारायण उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम उदयपुर थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती |

घटना का संछिप्त विवरण-

दिनांक-15.01.2025 को थाना पुरानी बस्ती पर रामनारायण पुत्र हरीराम चौधरी निवासी ग्राम उदयपुर थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती द्वारा शिकायती प्रार्थना-पत्र दिया गया कि दिनांक-15.01.2025 को मेरा बेटा राजकुमार चौधरी उम्र 32 वर्ष घर से बस्ती आया था जोकि थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत कुटियाज ढाबा पर खाना खाने के बाद से घर नहीं पहुंचा जिसके संबंध में थाना पुरानी बस्ती पर गुमशुदगी दर्ज कर थाना पुरानी बस्ती पुलिस टीम, एस0ओ0जी0 टीम बस्ती व सर्विलान्स सेल टीम बस्ती द्वारा गुमशुदा व्यक्ति की बरामदगी हेतु किये जा रहे जांच एवं अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के क्रम में NH-28 के किनारे सबदेईया कला के पास गुमशुदा राजकुमार की **A-**एक अदद मोटर साइकिल गाड़ी नंबर-UP-51-BR-7115, **B-**एक काला बैग व **C-**एक पर्स बरामद हुआ जिस पर गुमशुदा व्यक्ति के परिजन एवं उनके मिलने-जुलने वालों ने **1-**राजकुमार चौधरी की अपहरण करने की बात कहते हुए धरना प्रदर्शन आदि किये जाने के संबंध में उच्चाधिकारीगण को ज्ञापन दिया जा रहा था कि गुमशुदा व्यक्ति **1-**राजकुमार चौधरी को दिनांक-18.01.2025 को जनपद मथुरा से सकुशल बरामद कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है |

पूछताछ का विवरण-

सकुशल बरामद व्यक्ति **1-**राजकुमार चौधरी से पूछताछ के दौरान उसके द्वारा बताया गया कि मैं बहुत सारे लोगों से काफी रुपया करीब-50,00,000/- (पच्चास लाख) लेकर ट्रेडिंग में लगाया था जिसमें मुझे हानि/ लॉस हो गया था जोकि सभी लोगों द्वारा वापस पैसे की माँग की जा रही थी जिसके कारण मैं स्वयं के अपहरण जैसी घटना की योजना बनाकर थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत कुटियाज ढाबा पर खाना खाने के बाद सबदेईया कला पहुंच कर अपनी **A-**मोटर साईकिल, **B-**काला बैग, **C-**पर्स सड़क के किनारे बायें ओर फेकने के बाद ऑटो से बड़ेबन आकर बस से जनपद कानपुर चला गया व ट्रेन पकड़कर वहाँ से जनपद प्रयागराज एवं प्रयागराज से मथुरा चला गया

था | मैं अपना मोबाइल सबदेईया कला में बंद बदं कर जनपद मथुरा में पहुँचने के बाद मोबाइल से सिम भी निकाल कर फेंक दिया था जिससे लोगों को यह विश्वास हो गया कि मेरा अपहरण हो गया है, जिसके संबंध में घर पर सूचना देने से जिन लोगों को पैसा वापस देना है उन लोगों की सहानुभूति मिल जायेगी और वे सभी कुछ समय तक पैसा वापस मांगना बंद कर देंगे | मैं यही बातें सोच कर मथुरा रेलवे स्टेशन से कोर्ट एरिया पहुंच कर वहाँ से अपने परिजनो को फोन किया जिस पर थाना पुरानी बस्ती पुलिस टीम द्वारा बरामद कर वापस लाकर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है|

बरामद व्यक्ति 1-राजकुमार चौधरी द्वारा निम्नांकित लोगों से रुपये लेकर ट्रेडिंग में पैसा लगाने की बात बताई गई जोकि निम्नवत है-

1- रुपये 4 लाख यश चौधरी पुत्र गया प्रसाद | **2-** रुपये 3 लाख अमन चौधरी पुत्र जगदीश | **3-** रुपये 2 लाख जगदीश चौधरी पुत्र शिवपूजन | **4-** रुपये 1 लाख सत्य प्रकाश उर्फ काजू पुत्र ओम प्रकास | **5-** रुपये 11 लाख 50 हजार सर्वेश पुत्र दीनानाथ | **6-** रुपये 52 हजार इंद्रासन पुत्र संतराम | **7-** रुपये 15 लाख उमेश कुमार निषाद पुत्र रमाशंकर |

गुमशुदा की बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1- थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह जनपद बस्ती |

2- प्रभारी एस0ओ0जी0 चन्द्रकान्त पाण्डेय मय टीम जनपद बस्ती |

3- प्रभारी सर्विलान्स सेल शशिकान्त मय टीम जानपद बस्ती |

4- वरि0 उ0नि0 एखलाक अहमद थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती |

5- का0 कृष्ण मोहन यादव, का0 मनोज यादव, का0 लिखित राजभर, म0का0 सोनी जायसवाल थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती |